| |
|---|
| दिनांक 21.06.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 25/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस मुख्यालय में 10 वें ''अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस'' के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनॉकः 21.06.2024 को 10 वें ''**अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस**'' के अवसर पर प्रातः 06.00 बजे पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर के प्रांगण में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष का थीम ''Yoga for self and society/ स्वयं और समाज के लिये योग'' रखा गया है।

इस अवसर पर **श्री प्रशान्त कुमार**, पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण निदेशालय, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवायें, अपर पुलिस महानिदेशक विशेष जांच, अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू, अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ सहित मुख्यालय के विभिन्न इकाईयों में नियुक्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

योगाभ्यास कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस कार्मिको को योग के महत्व एवं फायदों से अवगत कराते हुये उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य एवं निरोगी रहने हेतु नियमित योगाभ्यास के लिये प्रोत्साहित किया गया।









| |
|---|
| दिनांक 21.06.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 26/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद मुजफ्फरनगर/थाना नई मण्डी</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 25–25 हजार रूपये के 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 03 लाख रूपये नगद व आभूषण**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 20.06.2024 को थाना नई मण्डी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ए–टू–जेड रोड पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो मोटर साइकिल सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1–सुनील 2–प्रताप 3–अंकित उर्फ सबिन घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 03 लाख रूपये नगद व आभूषण, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुई। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो थाना नई मण्डी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–सुनील निवासी पौणेश थाना चौनपुर जनपद बजांग नेपाल।

2–प्रताप निवासी पौणेश थाना चौनपुर जनपद बजांग नेपाल।

3–अंकित उर्फ सबिन निवासी धामले थाना चौनपुर जनपद बजांग नेपाल।

**बरामदगी**

1–चोरी के 03 लाख रूपये नगद व आभूषण।

2–03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

## जनपद बाराबंकी/थाना बड्डूपुर

- **20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के सोने–चाँदी के आभूषण, नगद रूपये**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 21.06.2024 को थाना बड्डूपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम निजामपुर के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त नरेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के सोने–चाँदी के आभूषण, नगद रूपये, 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, धोखाधड़ी, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना बड्डूपुर पर पंजीकृत लूट के अभियोग में वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण आदि लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बड्डूपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नरेन्द्र निवासी बेहटा छावनी थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर।

**बरामदगी**

1–लूट के सोने–चाँदी के आभूषण, नगद रूपये।

2–01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

**कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना सिहानीगेट**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 01 लाख 03 हजार 500 रूपये नगद**
- **02 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 ई–रिक्शा, 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 21.06.2024 को थाना सिहानीगेट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आरडीसी से रेलवे फाटक के पास से 03 अभियुक्तों 1–रवि 2–विवेक 3–अमन को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 01 लाख 03 हजार 500 रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 ई–रिक्शा, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि थाना सिहानीगेट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिहानीगेट पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सिहानीगेट पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रवि निवासी रविदासनगर शिब्बनपुरा पटेलनगर थाना सिहानीहेट कमिश्नरेट गाजियाबाद।

2–विवेक निवासी रविदासनगर शिब्बनपुरा पटेलनगर थाना सिहानीहेट कमिश्नरेट गाजियाबाद।

3–अमन निवासी रविदासनगर शिब्बनपुरा पटेलनगर थाना सिहानीहेट कमिश्नरेट गाजियाबाद।

**बरामदगी**

1–लूट के 01 लाख 03 हजार 500 रूपये नगद।

2–02 मोबाइल फोन।

3–घटना में प्रयुक्त 01 ई–रिक्शा, 01 मोटर साइकिल।

**जनपद सीतापुर/थाना लहरपुर**

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 04 लाख 29 हजार रूपये नगद**
- **चोरी की 01 एटीएम मशीन (क्षतिग्रस्त)**
- **02 मोबाइल फोन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त चोरी के 01 पिकअप वाहन आदि बरामद**

दिनांक 21.06.2024 को थाना लहरपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर तम्बौर रोड, गंगादीनपुरवा के पास पिकअप वाहन सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–शाबेज घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–कामिल 3–इमामुद्दीन उर्फ मामू सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 04 लाख 29 हजार रूपये नगद, चोरी की 01 एटीएम मशीन (क्षतिग्रस्त), 02 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त चोरी के 01 पिकअप वाहन आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 02/03.06.2024 की रात्रि थाना लहरपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा एटीएम मशीन चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में

थाना लहरपुर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, एटीएम मशीन आदि उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना लहरपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शाबेज निवासी बेगीनाजर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर।

2–कामिल निवासी ग्राम मवी थाना कैराना जनपद शामली।

3–इमामुद्दीन उर्फ मामू निवासी ग्राम रमुआपुर थाना हरदी जनपद बहराइच।

**बरामदगी**

1–चोरी के 04 लाख 29 हजार रूपये नगद।

2–चोरी की 01 एटीएम मशीन (क्षतिग्रस्त)।

3–02 मोबाइल फोन।

4–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

5–घटना में प्रयुक्त चोरी के 01 पिकअप वाहन आदि।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना स्याना

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण**
- **चोरी के 17 हजार 500 रूपये नगद बरामद**

दिनांक 20.06.2024 को थाना स्याना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त मो0 हमजा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण, चोरी के 17 हजार 500 रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 19.06.2024 को थाना स्याना क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना स्याना पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण, रूपया उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना स्याना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मो0हमजा निवासी रसीद कॉलोनी थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1—चोरी के सोने—चाँदी के आभूषण।

2—चोरी के 17 हजार 500 रूपये नगद।

## जनपद बदायूँ/थाना सहसवान

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **09 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र 315 बोर**
- **03 नाल, 01 खोखा कारतूस 315 बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 21.06.2024 को थाना सहसवान पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम जखुपुर के पास जंगल से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्तों 1—ओमपाल 2—मीहिलाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 09 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र 315 बोर, 03 नाल, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सहसवान पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–ओमपाल निवासी ग्राम कुकरईया थाना सहसवान बदायूँ।

2–मीहिलाल निवासी ग्राम जखुपुर थाना सहसवान जनपद बदायूँ।

**<u>बरामदगी</u>**

1–09 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र 315 बोर।

2–03 नाल, 01 खोखा कारतूस 315 बोर।

3–अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

- **<u>जनपद हमीरपुर/थाना जलालपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 05–05 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद हमीरपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हमीरपुर द्वारा थाना जलालपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–आशीष 2–बिन्द्रावन 3–मंगल को आजीवन कारावास व 05–05 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

–––––